संक्षिप्त समाचार

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव की तबियत बिगड़ी

रायपुर(चिन्तक)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव की तबियत अचानक बिगड़ गई है, जिसके चलते उनके सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। सिंहदेव को सर्दी खांसी बुखार की शिकायत होने के चलते उनकी कोरोना जांच भी कराई गई है। चिकित्सकों के उन्हें आराम की सलाह दी है। वहीं उनकी कोरोना जांच की रिपोर्ट देर शाम तक मिलेगी। फिलहाल डॉक्टर्स की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री को शनिवार शाम हल्का बुखार आने के बाद उनको आराम करने की सलाह दी गई है, जिसके साथ ही फिलहाल लक्षण के आधार पर दवाई दे गई है और उनका ब्लड टेस्ट के साथ ही कोविड के टेस्ट भी कराया गया हैं। हालांकि एंटीजन टेस्ट में रिपोर्ट निगेटिव है किंतु आरटीपीसीआर जांच की रिपोर्ट नहीं आयी है जो देर शाम तक आने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री को चिकित्सकों की निगरानी में अम्बिकापुर के निजी निवास तपस्या में रखा गया था जहां उनका उपचार चल था किंतु उन्हें शाम को हेलिकॉप्टर से रायपुर लाया गया है।

झमाझम सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व मंत्री रमशीला

आयोजन

युग युवा युगान्तर उत्कर्ष समिति एवं समस्त ग्रामवासी मचांदुर के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया

उतई(चिन्तक)। उतई समीप सांसद आदर्श ग्राम मचांदुर में दो दिवसीय झमाझम सांस्कृतिक महोत्सव का रहा धूम प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी युग युवा युगान्तर उत्कर्ष समिति एवं समस्त ग्रामवासी मचांदुर के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें रामायण रामधुनी जसझाँकी फ़ाग डांस पंडवानी पंथी राऊत नाचा बांस गीत मंडलियों का आयोजन हुआ।

जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य लेखन साहू सरपंच मचांदुर घुघसीडीह सरपंच गोवर्धन बारले पाऊवारा सरपंच वामन साहू शासकीय हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य काकोली चौधरी एस के सिंह सीताराम देवांगन सीमा देवांगन कुंती यदु प्रशिक्षण प्रमुख पूनमचंद सपहा फ्लेंद्र सिंह राजपूत प्रमुख रूप से रहें।अतिथि संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि मचांदुर में जिस प्रकार नया साल का आगाज होता उस प्रकार पूरे छत्तीसगढ़ में कोई जगह नही होता है। इस्वागत भाषण जनपद सदस्य लेखन साहू मचांदुर सरपंच ने दिया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राखी साहू ने किया ।

कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्य युगल किशोर साहूनागेश्वर प्रसाद साहू जय प्रकाश साहू जितेंद्र साहू अलख पटेल धनुओं ठाकुर अल्ताफकुरेशी राजा खान रेणुका साहू मोना पटेल भारती पटेल पूजा पटेल बिश्वनाथ साहू महेश साहू पतराम पटेल रामकिशोर गोस्वामी रोहित चंद्राकार सुदर्शन साहू रवि गोस्वामी तोरण साहू जसलोक साहू नितेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

250 बोरी धान लेकर चालक फरार

उतई(चिन्तक)। पाटन से 250 बोरी घान लेकर फरार आरोपी अभी तक पुलिस के गिरफ़ से बाहर 15/12/2021को पुराना बाजार राजीव चौक वार्ड क्र03निवासी किसान योगेश निक्की भाले घान 250बोरी लेकर फरार जिसकी सुचना पाटन थाना को दिया गया उसके बाद भी आरोपी का अभी तक पुलिस के गिरफ़ से बाहर है योगेश भाले ने पाटन थाना मै शिकायत पर गाडी के चालक केशव बारले निवासी केवझर खट्टी छुरा थाना के खिलाप घारा 407के तहत केश दर्ज किया गया है प्राथी ने पुलिस को बताया कि 15दिसम्बर को उसने अपने परिचित कि गाडी मालिक सतोश निषाद सिपकोन्हा कि गाडी बुक कर रात 8.15बजे सतोष निषाद कि गाडी नबर सीजी07 सीए 8853मै 250बोरी घान लोड कराया और डाईवर केशव बारले को श्याम जी राईस मिल जाने के लिये भराया था मगर वहा नही पहुचा तब जा के नयापारा श्याम राईस मील मै पता साजी करने पर पता चला कि 250बोरी घान लेकर फरार है घान कि किमत 180000है और डाईवर का फोन भी स्वीच आफहैऔर डाईवर के घर मै भी पता करने पर घर भी नही पहुचा है इसके बाद पता चला कि डाईवर ने कुरुद के उमरदा रोड पर गाडी को खाली खडी कर घान को लेकर अभी तक आरोपी करार हो गया है।

स्वयं के पैरों पर खड़े होने का सुख आत्म-विश्वास है- कनकप्रभा

दुर्ग (चिन्तक)। आत्म-विश्वास - व्यक्ति का विकास की संरचना का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। साहित्यिक भाषा में स्वयं के पैरों पर खड़े होने का सुख आत्म-विश्वास है। व्यवहारिक भाषा में मनुष्य की ऐसी सोच यानी इस आस्था के साथ चलना कि मेरे लिए इस संसार में कोई काम असंभव नहीं है। मैं जैसा सोचता हूं, वैसा ही कर सकता हूंद्य सपनों को आकार दे सकता हूं - ऐसी इच्छाशक्ति को आत्मविश्वास कहते हैं।

असंभव शब्द नहीं

जर्मन महाकवि गेटे ने इस बात को बहुत बल के साथ प्रस्तुत किया कि जिसकी इच्छा-शक्ति अटूट होती है, वह पूरे विश्व को अपनी इच्छानुसार ढाल सकता है। हमें निश्चित रूप से मानना चाहिए कि जिस आदमी का आत्म-विश्वास प्रबल होता है उसके जीवनकोश में असंभव जैसा कोई शब्द नहीं होता।

श्रेम ऑफआर्क एक सीधी, सरल, ग्रामीण लड़की थी जो एक दिन फ्रांसीस सेना की सेनापति बन गयी। वह इतनी प्रभावशालिनी थी कि राजा भी उसके आदेश का पूरा ख्याल रखते। उस लड़की के व्यक्तित्व का यदि विश्लेषण किया जाए तो ऐसा कोई तत्त्व नहीं मिलता जो उसे सामान्य से विशेष भूमिका तक ले जाए पर उसके जीवन में आत्मविश्वास इतना घनीभूत था कि वह अपनी आस्था और पुरुषार्थ से सेनापति बन गयी।

हर व्यक्ति कुछ बनना चाहता है और उसके लिए पुरुषार्थ भी करता है किंतु अधिकांशत: देखा जाता है कि लोग अपनी यात्रा शुरु करते हैं पर बीच में ही लौट आते हैं क्योंकि एक छोटी सी बाधा भी उनके आत्मविश्वास को हिला देती है और उन्हें पीछे मुड़कर देखना पड़ता है।

मन के हारे

जो व्यक्ति बहुत दूर के अंधेरों को देखता है वह अपनी ज्योति का उपयोग नहीं कर सकता। आत्मविश्वास कमजोर हैं दुर्बल है तो साधारण सा काम भी उस व्यक्ति को पहाड़ सा भारी लगेगा। दुर्बल मन के लिए वृक्ष का हिलता पत्ता भी आसमान के हिलने जैसा होता है। इसी लिए कहा गया है कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

''साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के अमृत महोत्सव पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रदत आलेख''।

समरस सियान संघ का चुनाव

राधेश्याम अध्यक्ष निर्वाचित

उतई(चिन्तक)। समरस सियान संघ उतई के द्वारा नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत डुमरडीह के उपसरपंच प्रदीप पाटिल, सक्षम जन फाउण्डेशन दुर्ग के अध्यक्ष युवा समाजसेवी प्रमोद जैन, एवं बालोद जिले के नवाचारी शिक्षक श्रवण कुमार यादव उपस्थित थे।

इस अवसर पर समरस सियान संघ उतई के कार्यकारिणी समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष राधेश्याम चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देव प्रकाश, सचिव कलाराम साहू एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह साहू निर्वाचित हुए। इस नववर्ष मिलन समारोह में संघ के सदस्य राम रतन साहू, मानसिंह देवांगन, भीखम देवांगन एवं उपसरपंच प्रदीप पाटिल का जन्मोत्सव कार्यक्रम भी मनाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जोहन लाल साहू एवं आभार प्रदर्शन देव प्रकाश आडिल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समरस सियान संघ के सभी वरिष्ठ सदस्यगण सहित पत्रकार देवेन्द्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहें।

ताइक्कांडो के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

कसारीडीह बोरसी मंडल ने किया स्वागत

दुर्ग (चिन्तक)। भारतीय जनता पार्टी कसारीडीह बोरसी मंडल, जिला-दुर्ग के द्वारा 16 वी राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों व प्रशिक्षक का पुष्प मालाओं से स्वागत कर उन्हें शॉल भेंटकर सम्मान किया गया जिसमे स्वर्ण पदक विजेता धारा गोस्वामी, भूमिका तारम, रजत पदक विजेता शौर्य वर्मा, मृत्युंजय प्रधान, शुभम साहू, कांस्य पदक विजेता वैभव साहू, गौरव देशमुख, स्वाति वर्मा, जिया साहू सहित इनके प्रशिक्षक राकेश पूरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती उषा टावरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व महापौर श्रीमती चंद्रिका चन्द्राकर, जिला व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक विनायक नातू, मंडल अध्यक्ष सतीश समर्थ, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश पाटिल, अजय तिवारी, जिला भाजयुमो अध्यक्ष नितेश साहू, जिला भाजयुमो महामंत्री गौरव शर्मा, मंडल महामंत्री पोषण साहू, कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, मंत्री कौशल साहू, संजय शुक्ला, मोहन बागुल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाव जिला संयोजिका श्रीमती अलका बाघमार, जिला महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी डॉ. भावना दिवाकर, जिला महिला मोर्चा कार्यकारिणीय सदस्य एवं पूर्व पार्षद श्रीमती सविता साहू, भाजयुमो जिला प्रशिक्षण प्रमुख दुष्यंत साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल कुमावत, महामन्त्री अनिकेत यादव, कन्हैया साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती अहिल्या यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता राजपूत, श्रीमती नीलू सिंह, श्रीमती सुशीला कुशवाहा, बालेश्वर पूरी गोस्वामी, श्रीमती संजू गोस्वामी, संतोष वर्मा, श्रीमती किरण वर्मा सहित कार्यकर्तागण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संयोजन मंडल महामंत्री पोषण साहू एवं संचालन भाजयुमों जिला महामंत्री गौरव शर्मा के द्वारा किया गया।

2.36 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर(चिन्तक)। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा बेमेतरा जिले के साजा विकासखण्ड स्थित देऊरगांव तटबंध सुरक्षा के लिए 2 करोड़ 36 लाख 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने किया नमन

रायपुर,(चिन्तक)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री स्वर्गीय श्रीमती सावित्री बाई फुले की 03 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने कहा कि छुआछूत विरोध, महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा के लिए श्रीमती फुले ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने महिला शिक्षा के लिए लोगों को न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि कई महिलाओं को शिक्षा भी दी। श्रीमती फुले ने खुद की पढ़ाई के साथ दूसरी महिलाओं के लिए भी शिक्षा के दरवाजे खोले और उन्हें रूढ़ि और परम्पराओं की बेड़ियों को तोड़कर पढ़ने और आगे बढ़ने की राह दिखाई। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये गए उनके उल्लेखनीय कार्यों ने उन्हें चिरस्मरणीय बना दिया है।

कृष्ण कुमार ने किया रजत पदक हासिल

दुर्ग(चिन्तक)। राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप अलवर राजस्थान में कृष्ण कुमार साहू ने रजत पदक हासिल किया । इनके कोच सुनील वैष्णव है इनको निकलेश मून ऊदल वाल्मीकि सन्नी मसीह नरेन्द्र पारकर ने बधाई दी

दुर्ग(चिन्तक)। नव वर्ष पर स्वच्छता पर सफाई कर्मी दीदीयो का व स्वास्थ्य कर्मी भाईयो का शाल स्त्रीफल व पुष्प गुच्छ से एलडरमेन रत्ना नारमदेव ने सम्मान किया

टैक्स जमा नहीं करने वालों पर सख्त हुए आयुक्त

रिसाली (चिन्तक)। रिसाली निगम ने आय के मुख्य स्त्रोत को बढ़ाने के लिए सख्त कदम उठाने निर्णय लिया है। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने ऐसे लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए है, जो लंबे समय से टैक्स जमा करने कोताही बरत रहे है। उन्होंने निगम खजाने में टैक्स जमा नहीं करने वालों का नाम सार्वजनिक करने कहा है।

आयुक्त आशीष देवांगन ने कहा है कि कर दाता निर्धारित समय पर टैक्स की राशि निगम के खजाने में जमा कराए। अन्यथा उनके खिलाफ निगम नोटिस जारी करेगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2021 तक टैक्स जमा करने वालों को निगम प्रावधान के हिसाब से छूट दे रहा था। वहीं दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक टैक्स राशि में किसी तरह की छूट नहीं है। आयुक्त ने आम लोगों से अपील की है कि हितग्राही अपना टैक्स निर्धारित समय पर जमा करे।राजस्व विभाग के संजय वर्मा ने बताया कि मार्च 2022 तक टैक्स जमा नहीं करने पर अधिभार के साथ टैक्स की राशि जमा करनी होगी। 1000 रूपए अधिभार के साथ 18 प्रतिशत अधिभार अलग से देना होगा।

ब्राईट मंद बुद्धि एवम मूक बधिर निशक्त विद्यालय के विद्यार्थी साथ नव वर्ष मनाया

दुर्ग(चिन्तक)। नव वर्ष पावन पर्व पर सत्यम शिवम सुंदरम समिति व श्री सत्य साईं सेवा समिति के सयुंक्त तत्वाधान मे ब्राईट मंद बुद्धि एवम मूक बधिर निशक्त विद्यालय कादंबरी नगर मे उपस्थित मंद बुद्धि विद्यार्थी एवम असहाय निर्बल महिलाओ के बीच बच्चों द्वारा केक काटकर नव वर्ष मनाया गया।

सत्यम शिवम सुंदरम समिति कि अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा जी को दो मिनट मौन प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात निशक्त दिव्यांग विद्यार्थी के लिए आवश्यकता कि वस्तुओ कि जानकारी समिति के सदस्यों ने ली साथ ही कंबल का वितरण किया । इस कार्यक्रम मे मुख्यरूप से श्री आर के तिवारी, विजय ताम्रकार,नवीन जैन,रजनीश श्रीवास्तव, गोविद देवांगन, सतविंदर सिंह, मनहरण देवांगन,सैयद आसिफ अली,अर्पण जैन,रंगदमन

राजपूत,नवीन त्रिपाठी कि विशेष उपस्थिति रही।संस्था के संचालक श्री राजू राजपूत,श्रीमती गायत्री सोनी,श्रीमती चित्रा मसकरे, श्रीमती रिंकी यादव, कुमारी जागृति चौरसिया,कु. आरती द्विवेदी,सुदीप तिवारी, गीतेश यादव,संध्या ठाकुर, उषा सोनी,स्टॉफ नर्स कुसुम ठाकुर,एवम पालक गण उपस्थित रहे। सत्यम शिवम सुंदरम समिति एवम श्री साईं सेवा समिति ने यह निर्णय लिया कि सतत रूप से संस्था के कार्यक्रम के सहयोग करते रहेंगे और आज ही 10कंबल का वितरण किया गया।

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700398
रा.प्र.क्र./ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदिका -उषा गुप्ता पिता/पति मोणीराज गुप्ता निवासी ग्राम शीतला नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 959/12 रकबा 0.004 हे.भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार विमला बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/01/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 22/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 22/12/21
सुनवाई दिनांक - 07/01/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700388
रा.प्र.क्र./ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पोसन श्रीवास पिता लालाराम श्रीवास निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.1266/62, 1273/114 रकबा 0.003, 0.001 हे.भूमि को दानदाता लालाराम श्रीवास पिता स्व. रामगुलाल निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 23/11/21 को दान में प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/01//22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 30/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 30/12/21
सुनवाई दिनांक -20/1//22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700389
/ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक -दोनेश्वर प्रसाद साहू पिता लतखोर सिंह निवासी ग्राम प्रदीप्ति नगर बोरसी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 727/15 रकबा 0.010 हे.भूमि को विक्रेता चोवाराम मारकण्डे वगै. पिता कृपाराम मारकण्डे निवासी ग्राम जय स्तंभ चौक रिसाली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/01/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 29/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 29/12/21
सुनवाई दिनांक - 12/01/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700397
रा.प्र.क्र./ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक -भानुप्रताप यादव पिता स्व. गोवर्धन यादव निवासी ग्राम डिपरापारा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 597/28 (598/22, 599/42) रकबा 0.005 हे.भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सुरजौतिन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/01/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 30/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 30/12/21
सुनवाई दिनांक - 14/01/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700391
/ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक -उमर फारुक पिता इमानुद्दीन निवासी ग्राम कैम्प-2 भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1374/153 रकबा 0.015 हे.भूमि को विक्रेता आकाश गोविंदानी पिता अशोक गोविंदानी निवासी ग्राम सिंधी कालोनी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31/12/19 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/01/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 29/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 29/12/21
सुनवाई दिनांक - 13/01/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700394
/ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक -शेख साहिर पिता शेख करीम निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1038/2 रकबा 0.003 हे.भूमि को विक्रेता इस्माइल खान पिता बेलु अली निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/01/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 29/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 29/12/21
सुनवाई दिनांक - 13/01/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700400
रा.प्र.क्र / अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक -ऋषि कुमार देवांगन वगै पिता स्व. रामरतन देवांगन निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1307/16 रकबा 0.0160 हे.भूमि को हकत्यागकर्ता लक्ष्मी देवी देवांगन वगै पिता/पति स्व. रामरतन देवांगन निवासी ग्राम कुम्हारी तहसील धमधा जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 24/12/21 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक14/1/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 31/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 31/12/21
सुनवाई दिनांक - 14/1/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

।। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग ।।
उद्घोषणा
202112100700392
रा.प्र.क्र./ अ-6/ वर्ष 21-22
एतद व्दारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक - मोहम्मद रफीक पिता मोहम्मद गनी निवासी ग्राम दीपक नगर तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के व्दारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 122/103 रकबा 0.045 हे.भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मोहम्मद गनी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/01/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 29/12/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक - 29/12/21
सुनवाई दिनांक - 13/01/22
तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)